भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 424
सोमवार, 05 फरवरी, 2024/ 16 माघ, 1945 (शक)

ईएसआई अस्पतालों का आधुनिकीकरण

424. एडवोकेट ए.एम.आरिफ़:
श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

(क) क्या सरकार ने देश भर में विशेषकर केरल राज्य में ईएसआई अस्पतालों के आधुनिकीकरण के लिए कोई कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी क्या स्थिति है;
(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने केरल राज्य में ईएसआई निगम के अंतर्गत एक आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है;
(घ) यदि हां तो प्रस्तावित स्थान सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार का विचार अलप्पुझा में ईएसआई अस्पताल का आधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप मे उन्नयन करने का है;
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(छ) क्या सरकार ने केरल में ईएसआई औषधालयों में भारतीय चिकित्सा पद्धति विशेषकर होम्योपैथी के डॉक्टरों की सेवाएं प्रदान करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और
(ज) यदि हां, तो ऐसे औषधालयों की सूची सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ज) जी हाँ। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अन्य बातों के साथ साथ केरल राज्य सहित देश के ईएसआई अस्पतालों का आधुनिकीकरण और उन्नयन करने हेतु मंजूरी प्रदान की है। केरल राज्य में निर्माण/ उन्नयन के लिए चुने गए अस्पतालों की सूची अनुबंध-I में दी गई है।

केरल राज्य में ईएसआई निगम के अंतर्गत आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

राज्य सरकार से अल्पपूझा स्थित ईएसआई अस्पताल का आधुनिक सुविधाओं के साथ मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप मे उन्नयन करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

केरल राज्य में विभिन्न ईएसआई अस्पतालों एवं औषधालयों में पहले से ही आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग सुविधाएं उपलब्ध हैं। सूची अनुबंध-II में दी गई है।

***

**

अनुबंध-I

"ईएसआई अस्पतालों का आधुनिकीकरण" के संबंध में एडवोकेट ए.एम.आरिफ़ एवं श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा दिनांक 05.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 424 के भाग (क) से (ज) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

केरल राज्य में निर्माण/आधुनिकीकरण/उन्नयन हेतु शुरू किए गए अस्पतालों की सूची

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्थिति
1.	एर्नाकुला में ईएसआई अस्पताल का निर्माण	निर्माण-पूर्व गतिविधि का कार्य सौंपा गया।
2.	आश्रमम में ईएसआईसी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का वर्टिकल विस्तार	निर्माण पूर्व गतिविधि का कार्य सौंपा गया।
3.	एज़ुकोन में ईएसआईसी अस्पताल का उन्नयन	नेत्र विज्ञान, आर्थोपेडिक्स, सामान्य सर्जरी और ओबीजी सुविधाओं के साथ नया ओटी कॉम्प्लेक्स पूरी तरह कार्यात्मक है; नए बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) और प्रशासनिक ब्लॉक के निर्माण, भवन के समग्र नवीकरण आदि सहित अन्य कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया।

अनुबंध-II

"ईएसआई अस्पतालों का आधुनिकीकरण" के संबंध में एडवोकेट ए.एम.आरिफ़ एवं श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा दिनांक 05.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 424 के भाग (क) से (ज) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

केरल राज्य में ईएसआई अस्पतालों/औषधालयों में आयुष इकाइयों (आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग) का ब्यौरा

I. आयुर्वेद इकाइयां

1. ईएसआईसी अस्पताल आश्रमम, कोल्लम
2. ईएसआईसी अस्पताल एझुकोन
3. ईएसआईसी अस्पताल, उद्योगमंडल
4. ईएसआई अस्पताल मुलमकुन्नाथुकावु,त्रिशूर
5. त्रिशूर ईएसआई डिस्पेंसरी पट्टाथनम, कोल्लम
6. ईएसआई डिस्पेंसरी कोट्टारक्कारा, कोल्लम
7. कोल्लम ईएसआई डिस्पेंसरी कोट्टायम
8. ईएसआई डिस्पेंसरी अलप्पुझा
9. ईएसआई डिस्पेंसरी एर्नाकुलम
10. ईएसआई डिस्पेंसरी पालक्कड़
11. ईएसआई पुणकुन्नम, त्रिशूर
12. ईएसआई डिस्पेंसरी एरंजीपालम, कोझीकोड
13. ईएसआई डिस्पेंसरी कन्नूर
14. ईएसआई डिस्पेंसरी पेरूरकाडा

II. होम्योपैथी इकाइयां

1. ईएसआईसी अस्पताल आश्रमम, कोल्लम
2. ईएसआईसी अस्पताल एझुकोन
3. ईएसआईसी अस्पताल उद्योगमंडल
4. ईएसआईएस डिस्पेंसरी एर्नाकुलम
5. ईएसआईएस डिस्पेंसरी कन्नूर
6. ईएसआईएस डिस्पेंसरी करमना तिरुवनंतपुरम
7. ईएसआईएस डिस्पेंसरी पथिराप्पल्ली, अलप्पुझा
8. ईएसआईएस डिस्पेंसरी अलगप्पा नगर, त्रिशूर
9. ईएसआईएस डिस्पेंसरी मूलवाना, कोल्लम
10. ईएसआईएस डिस्पेंसरी कदम्पनाडु, पथनामतिट्टु
11. ईएसआईएस डिस्पेंसरी वाडथूर, कोट्टायम
12. ईएसआईएस डिस्पेंसरी, कोट्टायम, कोल्लम
13. ईएसआईएस डिस्पेंसरी, वेल्लोर, कोट्टायम
14. ईएसआईएस डिस्पेंसरी, कलामासेरी, एर्नाकुलम
15. ईएसआईएस डिस्पेंसरी, अलुवा, एर्नाकुलम

16. ईएसआईएस डिस्पेंसरी, चलप्पुरम, कोज़ीकोड

III. योग इकाइयां

1. ईएसआईसी अस्पताल आश्रमम, कोल्लम
2. ईएसआईसी अस्पताल एझुकोन
3. ईएसआईसी अस्पताल उद्योगमंडल

*****